आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार
यश भारत
16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 99 ● कटनी ● गुरुवार, 12 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

उमरिया में नदी किनारे मिली प्राचीन मूर्ति

युवक को मिट्टी में दबी दी दिखाई, पुरातत्व विभाग को पत्र लिख दी गई सूचना

उमरिया । जिले के चंदिया थाना के महानदी में प्राचीन मूर्ति मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी मच गई। चंदिया

पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मूर्ति को जब्त कर पुरातत्व विभाग को पत्र लिखा गया।

बताया गया कि चंदिया थाना के 5 किलोमीटर दूर कटनी और उमरिया की सीमा महानदी में प्राचीन मूर्ति मिलने की सूचना पुलिस को मिली और पुलिस मौके पर पहुंची ।गुरूवार सुबह नदी के पास युवक अपने नित्यक्रिया के लिए सुबह गया हुआ था। तभी उसे मूर्ति का थोड़ा सा हिस्सा दिखा, तब उसने खोदकर निकाला तो प्राचीन मूर्ति निकली। युवक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। वही प्राचीन मूर्ति मिलने की सूचना पुरातत्व विभाग को दे दी गई हैं।

गाजियाबाद एनकाउंटर में तीन गोतस्करों को लगी गोली

कटान के लिए ले जा रहे थे गाय

एजेंसी। गाजियाबाद में गुरुवार सुबह गाय चुराकर भाग रहे गोतस्करों की स्कॉर्पियो पुलिस के पीछा करने पर पेड़ से जा टकराई। पुलिस ने सरेंडर करने के लिए कहा तो गोतस्करों ने गोली चला दी, इसमें एक सिपाही घायल हुआ। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की तो तीन गोतस्कर गोली लगने से घायल हुए हैं। पुलिस ने गाय को सकुशल मुक्त करा लिया। एसपी सिटी (फर्स्ट) निपुण अग्रवाल ने बताया, गुरुवार सुबह करीब साढ़े चार बजे थाना विजयनगर की जल निगम पुलिस चौकी क्षेत्र में टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सिल्वर रंग की स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया, जिसके अंदर एक गाय मौजूद थी। स्कॉर्पियो नहीं रुकी, बल्कि स्पीड तेज हो गई। पुलिस ने पीछा किया तो अनियंत्रित हुई स्कॉर्पियो एक पेड़ से जा टकराई। एसपी बताया, पुलिस ने बदमाशों को सरेंडर करने के लिए कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें विजयनगर थाने का एक सिपाही दीपक कुमार हाथ में गोली लगने से जख्मी हो गया। इसके बाद पुलिस को जवाबी कार्रवाई में गोली चलानी पड़ी। इस दौरान तीन गोतस्करों को गोली लगी है।

तुझको ही दूल्हा बनाऊंगी, वरना...

चंबल की युवती का एकतरफा प्यार, खाना-पीना छोड़ा, जानिए पूरा मामला

ग्वालियर। चंबल में युवती के एकतरफा प्यार का मामला सामने आया है। युवती के प्रपोज करने पर युवक ने इनकार कर दिया। इससे नाराज युवती ने खाना-पीना छो ? दिया। जिद है कि शादी करूंगी तो इसी ल ?के से। जिद से परेशान होकर युवक पुलिस के पास पहुंचा और मदद की गुहार लगाते हुए कहा- साहब, मुझे बचा लो... ।मामला मुरैना जिले के सबलगढ़ के टोंगा गांव का है। 22 साल की युवती को पास के ही गांव के रहने वाले नवलेश कुशवाहा से प्यार हो गया। युवती ने कई बार युवक से प्यार का इजहार किया, लेकिन युवक ने हर बार इनकार कर दिया। युवती ने खाना-पीना छोड़ दिया तो उसके घरवालों ने युवक के परिजन से बात की। कहा कि अपने लड़के की शादी हमारी लड़की से करा दो, लेकिन, युवक के घरवाले भी नहीं माने। युवती की मौसी की बेटी नवलेश के परिवार में ब्याही है। इस वजह से उन दोनों में बातें होती रहती थीं ।दोनों एक ही समाज के हैं। युवती के परिजन ने मामले में समाज की पंचायत बुला ली। जब दोनों पक्ष आमने-सामने हुए तो युवती ने सभी के सामने अपने प्यार का इजहार भी कर दिया। यहां भी युवक ने इनकार कर दिया तो युवती ने जान देने की धमकी तक दे डाली ।युवती की जिद से परेशान नवलेश सबलगढ़ थाने पहुंचा। उसने बताया कि युवती उसके साथ जबरदस्ती शादी करना चाहती है। उसके घरवालों पर दबाव बनाया जा रहा है। उसे छुटकारा चाहिए।

AAP नेता से SDM बोले- यू नॉनसेंस लेडी...

चिल्लाते हुए कहा- हट-हट...जस्ट शटअप, कलेक्टर तक पहुंची बात

अतिक्रमण हटाए जाने का विरोध करने पहुंचे थे

ग्वालियर। हट-हट... यू जस्ट शटअप, नॉनसेंस लेडी... ग्वालियर में कुछ इस तरह से SDM सीबी प्रसाद ने आप की प्रदेश उपाध्यक्ष मनीक्षा सिंह तोमर से बात की। इसके बाद कलेक्ट्रेट पर बवाल मच गया। मामला बुधवार का है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता फूटी कॉलोनी में गरीबों के मकान तोड़ने के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। वह कलेक्टर से मिलना चाहते थे, लेकिन एसडीएम कि जिद थी कि कार्यकर्ता उन्हें ही ज्ञापन सौंप दें। ऐसा नहीं करने पर एसडीएम भड़क गए। इसी को लेकर आप नेता से उनकी बहस हुई। आप नेता ने कलेक्टर से एसडीएम के अभद्र व्यवहार की शिकायत की है। कुछ समय पहले प्रशासन ने सिरोल स्थित फूटी कॉलोनी में अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। वहां रहने वाले गरीबों के मकान तोड़े गए थे। इसी कार्रवाई को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार प्रदर्शन कर रही है। आम आदमी पार्टी के नेता कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांग कर रहे थे कि

फूटी कॉलोनी इलाके में अतिक्रमण तोड़ने के बाद जो लोग बेघर हुए हैं, उन्हें घर दिए जाएं। एसडीएम को भड़कते देखकर आप नेता मनीक्षा सिंह तोमर भी गुस्से में आ गईं और यू शट अप कह दिया। इस पर वहां विवाद की स्थिति बन गई। वहां पहले से मौजूद पुलिस बल ने हालात पर काबू पाया।

कलेक्टर से की एसडीएम की शिकायत

आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से स्छरू सीबी प्रसाद के व्यवहार की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। आप नेता का कहना है कि एक प्रशासनिक अधिकारी उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहा है तो आम लोगों के साथ उनका बर्ताव कैसा रहता होगा।

AAP नेता ने VIDEO जारी कर व्यक्त की प्रतिक्रिया

आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष मनीक्षा सिंह तोमर का कहना है कि जब एक महिला और पार्टी की पदाधिकारी के साथ इस तरह का व्यवहार किया गया है, तो आम व्यक्ति और मजदूरों के साथ प्रशासनिक अधिकारी किस तरह का व्यवहार कर रहे होंगे, इसका साफ अंदाजा लगाया जा सकता है। आम आदमी पार्टी ने एसडीएम पर भू माफिया के साथ साठगांठ रखने और गरीबों पर अतिक्रमण की झूठी कार्रवाई करने का आरोप भी लगाया है। आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि जब तक एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है वह कलेक्ट्रेट के बाहर ही लगातार प्रदर्शन जारी रखेगी।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर डंपर से टकराई बोलेरो

4 5 महिलाओं समेत की मौके पर मौत

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार बुलेरो पीछे से एक डंपर में घुस गई। हादसे में चार महिलाओं समेत 5 की मौके पर मौत हो गई। हादसा जेवर इलाके में तड़के 5 बजे के करीब हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बुलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के मुताबिक हादसे में मरने वाले सभी लोग महाराष्ट्र के रहने वाले थे। बुलेरो सवार सभी पुणे से आगरा घूमने आए थे। यहां से वो नोएडा जा रहे थे। तभी झपकी लगने की वजह से बुलेरो अचानक डंपर में जा घुसी। माना जा रहा है सभी एक ही परिवार के थे। हालांकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है ।मौके पर पहुंची पुलिस ने मुश्किल से कटर से गाड़ी को काटकर घायलों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान चंद्रकांत नारायण बुराड़े (68 वर्ष), स्वर्णा चंद्र कांत बुराड़े (59 वर्ष), मालन विश्वनाथ कुंभार (68 वर्ष), रंजना भरत पंवार (60 वर्ष) और नुवंजन मुजावर (53 वर्ष) के रूप में हुई थी ।नारायण रामचंद्र कोलेकर और सुनीता राजू गस्टे घायल हैं, जिनका इलाज जेवर के कैलाश अस्पताल में चल रहा है। जानकारी में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद की झपकी आई और बुलेरो गाड़ी डंपर में जा घुसी। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया है। उन्होंने घायलों के इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

जबलपुर में दो युवकों की मौत के बाद पुलिस भर्ती प्रक्रिया 2 जून तक स्थगित

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया 2 जून 2022 तक स्थगित कर दी गई है। पुलिस विभाग ने गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया है। मालूम हो कि जबलपुर में भर्ती परीक्षा के तहत फिजिकल टेस्ट के दौरान दो युवकों की तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गयी।

गर्मी के कारण लिया निर्णय

हांलाकि पुलिस विभाग के उच्चअधिकारियों का कहना है कि भर्ती स्थगित करने का मुख्य कारण मध्यप्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी है। आईपीएस रोडोल्फ अलवरे ने बताया कि अब भर्ती 3 जून 2022 से पुन: शुरु की जाएगी। मौसम के नरम होने के बाद भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू होगी। इस संबंध में उम्मीदवारों को भी सूचना पहुंचा दी गई है।

वायु सेना का जवान जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

आईएसआई से जुड़े हो सकते हैं तार

दिल्ली। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जासूसी के आरोप में भारतीय वायुसेना के एक जवान को गिरफ़्तार किया है। आरोपी का नाम देवेंद्र शर्मा बताया गया है। इस पूरे मामले में पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ होने का अंदेशा है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, आरोप है कि भारतीय वायुसेना के जवान देवेंद्र शर्मा को हनी ट्रैप में फंसाकर उससे भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां जुटाने की कोशिश की गई है। पुलिस को

आरोपी की पत्नी के बैंक खाते में कुछ संदिग्ध लेनदेन भी मिले हैं।

मां के शव से लिपट 4 घंटे खूब रोया मासूम

सागर। सागर में पति-पत्नी ने फांसी लगाई डेढ़ साल का बच्चा मां-पापा को तलाश रहा है। कभी कमरे में तो कभी बाहर जाकर उन्हें खोजता है। सिसकने लगता है। खिलौना पाकर बहल जाता है, लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी तलाश फिर शुरू हो जाती है... इस बात से बेखबर कि उसके मां-पापा ने फांसी लगा ली... अब वो उसे कभी नहीं दिखेंगे, लेकिन मासूम तलाश जारी है... ।मामला गढ़ाकोटा का है। चायनीज फूड बेचने वाले नेपाली दंपती के शव किराए के कमरे में फंदे पर लटके मिले। मंगलवार रात दोनों के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ था। दूसरे दिन बुधवार सुबह तक पति-पत्नी कमरे के अंदर देखे गए।

434 करोड़ की हेरोइन जब्त

दिल्ली एयरपोर्ट पर 62 किलो हेरोइन पकड़ी गई

126 ट्रॉली बैग में छिपाकर युगांडा से दिल्ली लाई गई थी

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 62 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के कार्गो कॉम्प्लेक्स में 434 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद हुई है। यह हेरोइन 126 ट्रॉली बैग्स में छिपाकर भारत लाई गई थी। खास बात यह है कि हवाई मोड़ के माध्यम से यह अब तक की सबसे बड़ी हेरोइन की बरामदगी में से एक है। डीआरआई को इस ड्रग्स की इस खेप को लेकर एक इनपुट मिला था। इसके बाद टीम ने 10 मई को ऑपरेशन शुरू किया, इस ऑपरेशन का नाम ब्लैक एंड व्हाइट रखा गया

था ।जानकारी के मुताबिक जब टीम मौके पर पहुंची तो एक कार्गो में रखे ट्रॉली बैग से 55 किलो हेरोइन बरामद हुई। ये ड्रग्स युगांडा से दुबई के रास्ते दिल्ली तक लाई गई थी। टीम ने हेरोइन जब्त करने के बाद मौके से एक आरोपी को भी हिरासत में लिया है। आरोपी ने पूछताछ के बाद टीम ने पंजाब और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की, इसमें 7 किलो हेरोइन और 50 लाख रुपए का कैश भी मिला है ।इस पूरे ऑपरेशन में अब तक 62 किलो ड्रग्स को जब्त किया। इसकी कीमत अवैध बाजार में करीब 434 करोड़ होने का अनुमान है।

बंगाल की खाड़ी में पहुंचकर कमजोर पड़ेगा तूफान

भारी बारिश और तेज हवाओं का असर बना रहेगा

एजेंसी। पिछले 5 दिनों से चल रहा साइक्लोन असानी अब कमजोर पड़ने लगा है। बुधवार को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने के बाद गुरुवार को यह धीरे-धीरे बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, साइक्लोन आज शाम तक बंगाल की खाड़ी में पहुंचेगा। इसके बाद यह शांत पड़ सकता है। हालांकि, बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने के दौरान ओडिशा, आंध्र प्रदेश और बंगाल के तटवर्ती इलाकों में हल्की और भारी बारिश के साथ 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। तूफान का असर इन राज्यों की सीमाओं से लगे

दूसरे राज्यों पर भी रहेगा। बंगाल और ओडिशा से सटे झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इन इलाकों में बुधवार को भी बारिश हुई थी ।मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को साइक्लोन असानी मछलीपट्टनम से करीब 20 किलोमीटर नॉर्थ-ईस्ट, नरसापुर से 50 किलोमीटर साउथ-वेस्ट और आंध्र प्रदेश में काकीनाडा से 120 किमी पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में स्थित था। बारिश को लेकर राज्य अभी भी अलर्ट मोड पर है।

कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान, तटीय आंध्र प्रदेश में बहुत भारी बारिश संभव है। पश्चिम बंगाल, तटीय ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण कर्नाटक के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर तेज बारिश की संभावना है। वहीं, केरल और तमिलनाडु में भी भारी बारिश की आशंका जताई गई है।

कोयला आपूर्ति के लिए चल रहीं मालगाड़ियों के कारण

भोपाल। छत्तीसगढ़ से कोयले की आपूर्ति के लिए चल रहीं मालगाड़ियों के कारण अब यात्री ट्रेनें लेट हो रही हैं। पिछले एक पखवाड़े से लगातार कोयले की सप्लाई के लिए रेलवे यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को जल्द ही उनके डेस्टिनेशन के लिए पहुंचा रहा है। इसका असर अब दिल्ली-भोपाल रूट की ट्रेनों पर भी पड़ा है। भोपाल एक्सप्रेस सहित कुछ रूट की ट्रेनें अब डेढ़ घंटे की देरी से भोपाल पहुंच रही हैं। इस बारे में पश्चिम-मध्य रेल जोन के प्रवक्ता राहुल जयपुरियार का कहना है कि कोयले की सप्लाई को रेलवे द्वारा प्राथमिकता दी जा रही है।

सफाई में जुटा अमला, दो शिफ्ट में चल रहा अभियान

मुख्य मार्गों, नाले नालियों, डिवाइडर, डस्टबिन, बाजार क्षेत्रों पर ध्यान

कटनी। स्वच्छता के उच्च पायदान पर पहुंचने हेतु निगम प्रशासन द्वारा दो शिफ्ट के माध्यम से नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये जा रहे है। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों सहित प्रात: कालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो, नाले नालियों, डिवाइडर, डस्टबिन, बजार क्षेत्रों आदि में सुचारू सफाई के साथ ही अस्थाई अतिक्रमण हटाने, गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक मार्गो पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा गुरुवार प्रात: नगर के मुख्य स्थलों पहरुआ मंडी, कुठला मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, पन्ना मोड, चांडक चौक, घंटाघर , मिशन चौक, हॉकर्स जोन, चौपाटी परिसर, गायत्री नगर, मंगल नगर, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, सी.एल.पी. वार्ड के विभिन्न मार्गो, बरगवां मेन रोड एवं ओव्हर ब्रिज के नीचे के डिवाइडर, तिलक कॉलेज रोड सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में सफाई कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए इंदिरानगर के खाली प्लाटों से पन्नियों की सफाई का कार्य कर पर्यावरण संरक्षण के प्रयास किये गए।

कोटे की कमी, आरक्षण नहीं मिलने से धक्के खाने पर विवश हो रहे लोग

कई प्रमुख ट्रेनें निरस्त जो हैं उनमें लंबी वेंटिंग, यात्रियों की फजीहत

कटनी। कटनी रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ का नजारा रोज देखा जा सकता है। गर्मी की छुट्टियों के कारण ऐसा पहली बार नहीं हो रहा कटनी से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें लगभग पैक हो चुकी हैं। आरक्षरण की लंबी वेटिंग चल रही है। दो साल बाद लोगों को आने जाने का मौका मिला है। कई प्रमुख ट्रेनें निरस्त है इन सब हालातों से यात्रियों की समस्या बढ़ गई है।

आपको बता दें कि कोरोना काल के बाद पहली बार लंबी दूरी की लगभग सभी ट्रेनों में सीट फुल हैं। कई यात्री वेटिंग टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं। शहर से होकर चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों में एसी बर्थ तक के लिए वेटिंग है। स्लीपर कोच में क्षमता से ज्यादा यात्री चल रहे हैं। जनरल कोच खचाखच भरे हुए हैं। बढ़ती भीड़ के बीच कोयला ढोने के लिए रद्द की गई ट्रेनों में यात्रियों को परेशानी और बढ़ा दी है। कटनी से बिलासपुर और भोपाल की तरफ का सफर मुश्किलों भरा हो गया है। यात्रियों को राहत देने रेलवे ने अमरकंटक, रीवा इंटरसिटी सहित कुछ ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोच लगाए हैं। लेकिन रद्द की गई ट्रेनों के एवज में लगाए गए यह कोच यात्रियों की जरूरत को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। कुछ ट्रेनों में सफर के लिए मारामारी के हालात बन रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशान शहर के आसपास के स्टेशनों तक जाने वाले यात्री हो रहे हैं। ट्रेनों में वेटिंग टिकट का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर से बिलासपुर, भोपाल की ओर जाने वाली ट्रेनों में एक सप्ताह की वेटिंग है।

एक तो भीड़, उस पर गर्मी

ट्रेन में भीड़ इतनी ज्यादा है कि जनरल कोच डिब्बों के अंदर सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। कोच के दरवाजे से लेकर टॉयलेट तक के सामने यात्री बैठे हुए हैं। बर्थ के बीच में फर्श की खाली जगह में भी बैठकर लोग सफर कर रहे हैं। तेज गर्मी के बीच बच्चों और बुजुर्गों के लिए सफर में मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कुछ ट्रेनें रद्द होने के साथ-साथ बढ़ती भीड़ दिक् कत बढ़ा रही है। शहर से होकर चलने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस, रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस के साथ-साथ लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग ज्यादा लंबी है। शहडोल, बिलासपुर, दमोह, सागर, भोपाल, जबलपुर सतना, प्रयागराज के यात्री ज्यादा हैं।

स्पेशल ट्रेनें दौड़ाई, इधर रेगुलर ट्रेनें निरस्त

रेलवे की ओर से यात्रियों की वेटिंग क्लियर करने के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनें शुरू की गई हैं। इधर कटनी से बिलासपुर के बीच नियमित दौड़ रही ट्रेनों को निरस्त किया गया है। बिलासपुर-भोपाल और रीवा-भोपाल के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के रद्द होने से शादी और गर्मी की छुटियों में सफर की लोगों की योजना चौपट हो गई है। आसपास के स्टेशनों से लेकर राजधानी रीवा बिलासपुर तक आवाजाही की समस्या बढ़ गई है। आसपास के शहरों से पढ़ाई उपचार रोजगार और कारोबार के सिलसिले में आने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा भीड़ उत्तरप्रदेश, बिहार, दक्षिण भारत और मुंबई जाने वाली ट्रेनों में है। इस रुट में कई ट्रेनों में पैर रखने तक की गुंजाइश नहीं है।

व्यवस्था हेतु कमेटी ने लगाई गुहार

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सैयद बाबा का चार दिवसीय उर्स 27 मई से

कटनी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विजयराघवगढ़ रियासत के सेनापति शहीद बहादुर खां सैयद बाबा रहमतुल्लाह आले दरगाह शरीफ में सालाना उर्स मुबारक आगामी 27, 28, 29 व 30 मई को आयोजित किया गया है। उर्स की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। उर्स के आयोजन के दौरान प्रकाश, जल, सफाई एवं नाली सड़क सहित अन्य समस्याओं का निराकरण करने हेतु मो. शकीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे से मुलाकात की एवं समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है।

दिनदहाड़े मकान के अंदर से जेवर ले गए बदमाश

विगढ़ के ग्राम बरहटी में घटना, दो लोगों पर नामजद हुई एफआइआर

कटनी। इन दिनों चोरों का आतंक हर तरफ फैला हुआ है। हद तो इस बात की है कि बदमाश दिनदहाड़े ही चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बरहटी में गांव के ही दो लोगों ने दिनदहाड़े सूने मकान में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर पार कर दिए। जानकारी अनुसार बरहटी निवासी आशा पति तुलसीदास बहेली और घर के सदस्य खेत गए हुए थे जबकि उनकी बेटी खेलने गई थी। इसी बीच गांव के ही ओमप्रकाश बहेलिया और बलवान बहेलिया ने घर में घुसकर जेवर चोरी कर लिए। आशा बहेलिया की बेटी ने घर से दोनों युवकों को निकलते देखा और जब उसकी मां वापस लौटी तो उसने सारी जानकारी दी। महिला द्वारा घर में चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई जिसके आधार पर पुलिस ने अपराध कायम कर बदमाशों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

चंद रोज राहत के बाद फिर भीषण गर्मी से आफत, चढ़ गया पारा

कटनी। कटनी. गर्म शुष्क हवा के कमजोर पडने के कारण कुछ नीचे आया पारा फिर उछलने लगा है। कटनी में बुध वार को तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पारा बढ़कर 43.1 डिग्री सी पर पहुंच गया। ये इस सीजन में अभी तक पारे का सबसे उच्चतम स्तर है। पारे के रेकॉर्ड के साथ ही गर्मी भी पूरा असर दिखा रही है। सोमवार को दोपहर को तेज धूप रही। गर्मी भी ज्यादा रही। दोपहर के समय शुष्क गर्म हवा चल रही है। लू के थपेड़ों के बीच लोगों का गला बार-बार सूख रहा है। तपिश से बचने के लिए छांव ढूंढते रहें इ कटनी शहर में कुछ दिन से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास स्थिर था। ये धीरे-धीरे बढ़कर सोमवार को 42.1 डिग्री सी रेकॉर्ड किया गया है। ये सामान्य से लगभग 6 डिग्री सी ज्यादा बना रहा। न्यूनतम तापमान भी 22.05 डिग्री सी दर्ज हुआ है। राजस्थान की ओर से गर्म शुष्क हवा आ रही है।

पानी पीते रहें, गर्म हवा से बचें

तेज गर्मी और बढ़ती धूप के बीच हीट स्ट्रोक की समस्या बढ़ रही है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि अभी दोपहर के समय तेज धूप रहती है। इस दौरान अति आवश्यक ना हो तो बाहर निकलनें से बचें। बाहर निकलने पर चेहरे और कान को अच्छी तरह से कपड़ें से ढंक लें। ताकि गर्म हवा बच सकें। पानी लगातार पीते रहें। ताकि शरीर में पानी की कमी ना हो। लेकिन धूप से आकर तुरंत शीतल पेय ना पीएं। कुछ देर रुकने के बाद जब शरीर का तापमान सामान्य हो जाएं तब ठंडा पानी पीएं।

परंपरागत जल स्त्रोत सूखे, 400 फीट में भी नहीं निकल रहा पानी

कटनी। शहर में जल संकट के समाधान के सारे प्रयास विफल होते दिख रहे हैं। परंपरागत जल स्त्रोत तो पहले ही सूख चुके थे अब घरों के बोरवेल भी पानी की कमी से हवा दे रहे हैं। शहर की अनेक बस्तियों में लोगों के निजी बोरवेल जो डेढ़ सौ सौ 200 फीट गहराई तक के थे उनमें भी पानी नहीं है। बोर सुधारने वाले जब पाइप लाइन निकालते हैं तो वह पूरी तरह से सूखी निकलती है। भूजल संग्रह को लेकर लोगों में जागरूकता की की कमी और सरकारी उदासीनता इतनी भारी पड़ेगी किसी ने नहीं सोचा होगा। लेकिन प्रकृति है अपना बदला ले ही लेती है। कटनी में कई ऐसे क्षेत्र है जहां पर 4 सौ फीट की गहराई में पानी नहीं निकल रहा है। और तो और कटनी नदी के किनारे बसे क्षेत्र जो 60 फीट में पानी दे देते थे ऐसे क्षेत्र भी भूजल स्तर कम होने की समस्या से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में पानी के लिए पूरा शहर तरस रहा है। पानी सप्लाई के पुख्ता इंतजाम करने का दावा निगम अधिकारी कर तो रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और देखने मिल रही है। नगर निगम के वार्डों में लोग पानी के लिए बर्तन लेकर लाइन में लगे देखे जा रही हैं। गत दिनों रविन्द नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीर गंज में मंगलवार को पानी भरने के लिए एक स्थान पर सैकडों पानी के डिब्बे लेकर लोग जमा थे, पानी के लिए मारामारी मची थी। इसी दौरान निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे यहां मौजूद लोगों के बीच पहुंचे और जल आपूर्ति को लेकर नागरिकों से संवाद किया। निगमायुक्त ने मौके पर मौजूद सहायक यंत्री अश्विनी पांडेय से व्यवस्था के बारे में सवाल किया। जिस पर सहायक यंत्री ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 400 फीट की बोरिंग कराने के पश्चात भी पानी नहीं मिल सका। जिस पर निगमायुक्त द्वारा पेयजल के पुराने स्रोतों पर मशीन बैठाकर जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। नागरिकों की पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए स्थल का निरीक्षण कराते हुए एक नग नवीन नलकूप खनन कार्य कराने तथा अतिरिक्त टैंकरों के माध्यम से वार्ड की पेयजल की व्यवस्था सुचारू करने के लिए निर्देशित किया गया। क्षेत्र स्थित अमीरगंज तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के संबंध में सहायक यंत्री सुनील सिंह से जानकारी ली। साथ ही कार्य में गति प्रदान करने तथा संबंधित नस्ती को समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गए।

नलकूप खनन से बाकल के चौधरी मोहल्ला निवासियों को मिलेगी जलसंकट से राहत

बोरवेल्स एसोसिएशन ने कराया नलकूप खनन

कटनी। कटनी रिंग वेलफेयर बोरवेल्स एसोसिएशन की ओर से कटनी जिले की बहोरीबंद तहसील के ग्राम बाकल चौधरी मोहल्ला में कलेक्टर प्रियंक मिश्र व एसडीएम संघमित्रा गौतम के दिशा निर्देश पर नलकूप खनन कर क्षेत्रवासियों को पेयजल संकट से राहत दिलाई गई। कटनी बोरवेल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि एसोसिएशन हमेशा इस तरह के जनहितैषी कार्यों के लिए तत्पर रहेगा।

बोरवेल्स परिवार ने कोरोनाकाल के दौरान भी रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से सामाजिक कार्य किए है। एसोसिएशन के संरक्षक शान मुह मद, मोह मद हाफिज, बाकल सचिव संतोष पटेल, विजय समदरिया, मनीष जैन, अनूप दुबे, राजेश हल्दकर, ब्रह्मदत्त पटेल और अन्य सहयोगी साथियों ने कहा कि आगे भी जनता की सेवा से जुड़े कार्य किए जाते रहेंगे। नलकूप खनन में एसोसिशन के सभी साथियों ने सहयोग किया।

शहर में बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था

शहर की सफाई व्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। सफाई के ठेके में लाखों करोड़ों रूपए खर्च करने के बावजूद शहर के चौराहों व तिराहों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। सफाई का ठेका लेने वाली एमएसडब्लू के कर्मचारी भी कचरा नहीं उठा रहे हैं।

युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

खेत से निकलने के विवाद पर विगढ़ के खमतरा में घटना

कटनी। विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खमतरा में खेत से निकलने की बात पर कहासुनी से उपजे विवाद के बाद आरोपियों ने एक युवक के साथ न सिर्फ मारपीट की बल्कि उसके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। ज्यादती का शिकार हुआ युवक परिजनों के साथ थाने पहुंचा जहां उसने शिकायत दर्ज कराई। मारपीट में घायल राकेश आदिवासी ने बताया कि वह खेत से जा रहा था। इसी दौरान लवकुश, भूरा, वृंदावन, नर्मदा और उनके दो अन्य सहयोगियों ने अपने खेत से निकलने से मना किया और अभद्रता करने के साथ ही मारपीट करने लगे। आरोपियों ने राकेश आदिवासी पर कुल्हाड़ी से हमला करके उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

कमरे में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

कटनी। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कुसेरा में एक युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि ग्राम कुसेरा निवासी 40 वर्षीय वीरेन्द्र सिंह पिता केतलाल सिंह द्वारा घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। उसकी लाश मकान के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती हुई बरामद की गई। बताया जाता है कि मृतक की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी, जिसका इलाज जबलपुर में चल रहा था। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 13 से
दोपहर 12.30 एवं 2.45 बजे से

MULTIVERSE OF MADNESS (हिंदी में)
कलाकार- एलिजाबेथ ओलसेन, बेनेडिक्ट वोंग, माईकल स्टुबर्ग, रचेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार चौथा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 13 से
सायं 7 एवं रात्रि 10 बजे से

KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 6 शो ता. 13 से
12, 2.15, 4.30, 5, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से

जयेशभाई जोरदार
कलाकार- रणवीर सिंह, शालिनी पाण्डे, दीक्षा जोशी, बोमन ईरानी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, गुरूवार, 12 मई 2022

गरीबों पर कहर, पक्के अतिक्रमण पर नहीं है नजर

अस्पताल रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सवालों के घेरे में, सालों से अपनी आजीविका चला रहे लोग बेरोजगार

कटनी। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा बुधवार को जिला चिकित्सालय से मुड़वारा स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर की गई अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। यहां पिछले काफी समय से ठेला और टपरा रखकर किसी तरह अपनी आजीविका चला रहे दुकानदार नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद न केवल बेरोजगार हो गए हैं, बल्कि अब उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों ने विरोध करते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन केवल गरीबों पर ही कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम के अधिकारी केवल फुटकर दुकानदारों पर ही कार्रवाई कर रहे हैं, जबकि पक्के अतिक्रमणों को हटाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा शहर में अस्थाई अतिक्रमणों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात में बाधक बने स्थाई व अस्थाई कब्जों को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिस पर नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ते द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है, हालांकि कई जगह इस कार्रवाई में औपचारिकता भी निभाई जा रही है। कल बुधवार को मुड़वारा रेलवे स्टेशन प्रवेश द्वार से लेकर जिला अस्पताल तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई का लोगों ने जमकर विरोध किया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम द्वारा एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। अंजुमन इस्लामिया स्कूल की तरफ भी अतिक्रमण है लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई करने में नगर निगम के अधिकारी पक्षपात कर रहे हैं। मुड़वारा जाने वाले मार्ग पर पिछले कई सालों से लोग जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन इस कार्रवाई से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

नगर निगम प्रशासन ने कहा : सुगम यातायात में बाधक थे अस्थाई अतिक्रमण

नागरिकों की सुविधा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा फुटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए हेतु उचित स्थल का चयन करते हुए शासकीय चिकित्सालय के सामने सब्जी मंडी हेतु हॉकर्स जोन का निर्माण कराया गया है। उक्त स्थल पर अन्य फुटकर व्यवसायियों द्वारा यातायात को बाधित कर अनाधिकृत रूप से ठेला टपरा खड़ाकर व्यवसाय करने के कारण आम नागरिकों को असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। बाजार शाखा प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि सुचारू यातायात व्यवस्था एवं हॉकर्स जोन एवं चौपाटी जाने वाले नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा बुधवार को शासकीय चिकित्सालय के आस पास के ठेले टपरों को स्वयं के माध्यम से हटाने की मुनादी कराई जाकर ठेलों टपरों को अलग कराते हुए स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

यहां भी है अतिक्रमण

जिला अस्पताल के सामने चौपाटी मार्ग पर भी स्थाई अतिक्रमण कर लिया गया है लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई दुकानें आगे बढ़कर शेड आदि लगा लिए गए हैं। जिला अस्पताल मार्ग में सुलभ शौचालय के समीप भी अस्थाई अतिक्रमण है। शहर की अन्य सड़कों का भी यही हाल है। नगर निगम द्वारा कार्रवाई की रस्म अदायगी की जाती है। कार्रवाई की औपचारिकता कर नगर निगम की टीम जैसे ही लौटी तो फिर से वही हाल हो गया है। पक्के अतिक्रमण हटाने की बजाए गरीबों पर कहर ढाया जा रहा है।

2024 तक भव्य मंदिर में विराजमान होंगे रामलला : शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती

अल्प प्रवास पर पहुंचे कटनी, शिष्यों ने किया स्वागत

कटनी। अयोध्या में बन रहे राममंदिर को लेकर कहा कि मंदिर भव्य तरीके से बन रहा है। 60 मीटर नीचे से तो नींव तैयार हो रही है। 2023 तक पूरा होगा व 2024 में मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। योगी सरकार को लेकर कहा कि उत्तरप्रदेश में सभी के लिए बेहतर कर रहे हैं। यह बात बुधवार को कटनी पहुंचे श्रीज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, बद्रीकाश्रम हिमालय ट्रस्टी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने गणेश चौक स्थित त्रिलोकीनाथ अग्रवाल के निवास पर मीडिया से चर्चा के दौरान कही। वे नागपुर से प्रयागराज जाते समय अल्प समय के लिए कटनी में रुके। शंकराचार्य ने पहले गणेश मंदिर में पहुंचकर भगवान गजानंद का विधि.विधान से पूजन किया। इसके बाद अग्रवाल निवास में शिष्य मंडली सहित सैकड़ों की संख्या में शिष्य मण्डल ने भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जगतगुरु ने कहा कि उत्तरप्रदेश की काशी नगरी में ज्ञानवापी का सर्वे हो रहा है। वहां पर भगवान विश्वनाथ का मंदिर है। जिस तरह से अयोध्या राममंदिर में न्यायालय का फैसला आया है और जमीन मस्जिद के लिए भी देने की बात आई थी, उसी तरह ज्ञानवापी में हो, वे इसके पक्ष में नहीं हैं। इस दौरान शंकराचार्य शिष्य मंडली कटनी के त्रिलोकीनाथ अग्रवाल, अशोक कुमार कनकने, जगदीश प्रसाद त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, अजय पटेल, विजय पटेल, ऋषभ मिश्रा, अमित कनकने, आशु तिवारी, अशोक कस्तवार, श्यामलाल पटेल आदि मौजूद रहे।

सीमांकन के बाद करा दिया जमीन पर अवैध कब्जा, प्रभारी मंत्री, कलेक्टर एवं एसपी से शिकायत

जमीन के सीमांकन के लिए आरआई ने वसूले 60 हजार

महिला ने राजस्व निरीक्षक सहित तीन लोगों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

कटनी। जमीन का सीमांकन कराने के लिए एक महिला से 60 हजार रूपए की वसूली करने के बाद जमीन पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कराने का मामला सामने आया है। महिला ने जिले के प्रभारी मंत्री, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं एनकेजे थाना प्रभारी को दी गई शिकायत में राजस्व निरीक्षक सहित दो अन्य लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किए जाने की मांग की है। शिकायत में ग्राम जुहला निवासी हेमलता श्रीवास्तव पति गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम जुहला स्थित खसरा नंबर 461/2, 484ब/12, 484/1 पर लगभग 100 वर्षों से कब्जा चला आ रहा है। इस जमीन के सीमांकन के लिए उसके द्वारा आवेदन दिया गया था। जिस पर राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए कहा गया कि सरकारी खजाने में राशि जमा करना पड़ता है, तब जाकर सीमांकन होता है, जिस पर उसने 60 हजार राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा को दे दिए। जब उसने इस बात की पतासाजी की तो यह बात सामने आई कि ऐसी कोई राशि सरकारी खजाने में जमा नहीं होती है। हेमलता श्रीवास्तव ने कहा कि राजस्व निरीक्षक द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। महिला ने शिकायत में यह भी बताया कि राजस्व निरीक्षक ने जमीन का सीमांकन तो किया लेकिन अनावेदकों कमलेश श्रीवास्तव निवासी नई बस्ती एवं विनय आहूजा निवासी गांधीगंज को उपरोक्त जमीन पर कब्जा करवा दिया। उपरोक्त जमीन का रकवा क्रमशः 0.016 एवं 1.777, 1.793 हेक्टेयर है। जुहला निवासी महिला हेमलता श्रीवास्तव ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत करते हुए राजस्व निरीक्षक एवं अन्य दो लोगों पर मामला दर्ज करने एवं कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता महिला हेमलता श्रीवास्तव

दिलराज बने सागर जिले के प्रभारी

कटनी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी व पार्टी प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार की सहमति से मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार द्वारा आगामी कार्यक्रम यूथ कनेक्ट अभियान एवं संगठनात्मक विस्तार कार्य हेतु जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए सागर जिले की कमान कटनी के ऊर्जावान भाजयुमो नेता दिलराज अमर सिंह को सौपी गई है। दायित्व पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिलराज अमर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही वह राजनीतिक दल है, जो प्रत्येक दायित्व में कार्यकर्ताओं के समर्पण से चलता है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम अपना समर्पण संगठन के द्वारा दिये गए किसी भी कार्य के लिए करने निरन्तर प्रयासरत होते हैं। नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं हैं।

घर में घुसकर मारपीट के आरोपी को एक साल की जेल

कुठला थाना के प्रकरण में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने सुनाया फैसला

कटनी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा थाना कुठला के प्रकरण में पीड़ित के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का अपराध प्रमाणित पाते हुए आरोपी बब्बल महतो व विजय चक्रवर्ती को धारा 456, 323, 34 के अंतर्गत अपराध में दोष सिद्ध पाया। आरोपी बब्बल महतो को धारा 456 अंतर्गत 1 वर्ष का कठोर कारावास व धारा 323, 34 के अंतर्गत 3 माह का कठोर कारावास, आरोपी विजय चक्रवर्ती को धारा 323, 34 के अंतर्गत 3 माह का कठोर कारावास के अलावा कुल 1500 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 4 नवंबर 2013 को रात को लगभग 8:30 बजे आहत अपने घर पर थी। तभी आरोपी बब्बल, अमित उसके घर मे घुस आए तब दोनों आरोपियों ने आहत के साथ मारपीट की थी। बाहर निकलने पर बिज्जु चक्रवर्ती ने भी उसे दाहिने हाथ पर लाठी से मारा था। अभियुक्तगण ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। उसके पति के आने के बाद पीड़िता कुठला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 294, 456, 354, 354बी, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया। विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। प्रकरण में साक्षियों के कथन एवं दस्तावेजों के आधार पर विचारण न्यायालय द्वारा आरोपी को घर में घुसकर मारपीट करने का अपराध प्रमाणित पाया।

मनोज बने व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक

कटनी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा की सहमति से व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शरद अग्रवाल द्वारा भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पद पर सक्रिय भाजपा नेता मनोज नौगरहिया की नियुक्ति की गई है। वे शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे। नियुक्ति पर भाजपा के जिला पदाधिकारियों, मंडलों व मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई दी है।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए - 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी म.प्र.
क्रमांक/399/प्रवा.वि.अधि./2022 कटनी, दिनांक 10/05/2022
द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये) विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रवीण कुमार बेन आ. श्री चमरू लाल बेन (आविवाहित) साकिन 3431 शांति डेरी के सामने शंकर नगर रांझी मोनेगांव तहसील रांझी जिला जबलपुर म.प्र. पिन कोड 482005 एवं आवेदिका रमा वंशकार माता श्रीमती रजनी बाई वंशकार (आविवाहित) साकिन वार्ड नं. 3 बरही हनुमान गंज मार्ग खन्ना बंजारी तहसील बरही जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483770 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/-रूपये चालान क्रमांक 08 दिनांक 21/04/2022 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं अंक सूची, आधार कार्ड सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है । जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक /आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 10/06/2022 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाशक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

आगामी तिथि- 10/06/2022
अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-कटनी (म.प्र.)

कार्यालय, जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र./जविप्रा/निविदा/2022/719

अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना

जबलपुर, दिनांक : 11/05/2022

निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन निविदा ई-प्रक्यूरमेंट सिस्टम पर आमंत्रित की जा रही है। कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण के निम्न कार्य का विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	यो.क्र.	कार्य का विवरण	निविदा राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	पंजीयन श्रेणी तथा ऊपर	समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1	18 सिविक सेंटर द्वितीय आमंत्रण	Supplying and Commissioning design with and fixing testing fountains & filter media.	3902000.00	39020.00	5000.00	सिविल केन्द्रीयकृत	45 माह

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर दिनांक 12.05.2022 प्रातः 11.00 AM निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकेंगे। निविदा दिनांक 23.05.2022 के सायं 03.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय की जा सकती है। निविदा ऑनलाईन भरने की तिथि 23.05.2022 के सायं 05.30 बजे तक एवं निविदा लिफाफा ''सी'' (दर) खोले जाने की तिथि 26.05.2022 निर्धारित है। ऑनलाईन निविदा में उल्लेखित अनिवार्य प्रपत्रों की प्रतिपूर्ति पूर्ण होने उपरांत ही दर लिफाफा ''सी'' खोला जावेगा। धरोहर राशि की मूल एफ.डी.आर. लेखा शाखा में दिनांक 25.05.2022 को अपरान्ह 1.30 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। विस्तृत निविदा विवरण, नियम/शर्तें व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदाकार का जी.एस.टी. नंबर होना अनिवार्य है। निविदा में जो भी संशोधन होंगे, वे उपरोक्त वेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जायेंगे। शेष नियम, शर्तों व अन्य विवरण का अवलोकन उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। वर्तमान तक जारी समस्त संशोधित नियम/परिपत्र आदि भी मान्य होंगे।

कार्यपालन यंत्री
जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

आम सूचना दिनांक 28.04.2022 का खण्डन

मै राकेश द्विवेदी, जे.के. उरमलिया, एम.पी. मिश्रा एडवोकेट अपने पक्षकार श्री गिरीश कोहली वल्द स्व. कुंजीलाल कोहली निवासी-जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती जिला कटनी के निर्देशानुसार श्री आर.पी.बवेले अधिवक्ता द्वारा श्रीमति उषा अग्रवाल पत्नी श्री संतोष अग्रवाल निवासी जयप्रकाश वार्ड कटनी वालों की ओर से दिनांक 28.04.2022 को समाचार पत्र यशभारत में प्रकाशित आम सूचना का खण्डन करता हूँ, मौजा भदौरा पुराना प.ह.नं. 59 नया प.ह.नं.14 रा.नि.मं. बड़वारा तहसील बड़वारा जिला कटनी में स्थित पुराना ख.नं.16 रकवा 1.854 हे. एवं ख.नं.19 रकवा 0.688 हे. पूर्व भूमि स्वामी पुनौवा एवं सुन्दी बाई के भूमि स्वामी हक की भूमि थी। पुराना खसरा नं.16 रकवा 1.854 हे. की भूमि मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 28.08.1988 को रजिस्र्ड विकय पत्र के माध्यम से क्रय कर लिये थे, तथा पुराना ख.नं 19 रकवा 0.688 हे. भूमि अपने नाबालिक पुत्र गौरव कोहली के नाम से बली की हैसियत से रजिस्र्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.08.1988 के माध्यम से क्रय कर लिये थे। खसरा नं. 19 की चौहद्दी उत्तर मे-भू-दान बोर्ड की भूमि, दक्षिण व पश्चिम में- शासकीय भूमि, पूर्व मे- गोपाली वगैरह की भूमि स्थित थी बंदोबस्त वर्ष 1988-89 के दौरान पुराना ख.नं 16 एवं 19 का नया खसरा 81 बना दिया गया मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की गई भूमियों का नामांतरण वर्ष 1999 में संशोधन पंजी क्रमांक 3 पंचायत प्रस्ताव के 12 दिनांक 10.06.1999 के माध्यम से किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया था परंतु तत्कालीन हल्का पटवारी की त्रुटि के कारण राजस्व रिकार्ड में क्रेता गौरव कोहली का नाम दर्ज नहीं किया गया, पुराना ख.नं 19 का रकवा 0.688 जो नया ख.नं. 81 में शामिल किया गया था, पूर्व भूमि स्वामी पुनौवा वगैरह के नाम राजस्व रिकार्डो में त्रुटिवश दर्ज रह जाने के कारण पुनौवा वगैरह द्वारा पूर्व में विक्रय की जा चुकी पुराना ख.नं. 19 की भूमि जो नया खसरा नं 81 कर दी गई है भूमि बिना किसी हक अधिकार के पुनः श्रीमति उषा अग्रवाल को गलत चौहद्दी लिखाकर दिनांक 14.08.2012 को अवैधानिक तरीके से विक्रय कर दिया पुनौवा वगैरह को वर्ष 1988 में विक्रय की जा चुकी भूमि को पुनः विक्रय करने का कोई भी वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं था बिना हक व अधिकार के विक्रय किये गये बैनामा से श्रीमति उषा अग्रवाल को कोई भी स्वत्व अर्जित नहीं होता है, ऐसा बैनामा विधिक रूप से प्रारंभ से ही शून्य है। मेरे पक्षकार को अपने स्वत्व, हक़ व आधिपत्य की भूमि को विक्रय करने का पूर्ण वैधानिक अधिकार प्राप्त है तथा मेरा पक्षकार पूर्व में क्रय की गई सम्पूर्ण भूमि पर काबिज है, श्रीमति उषा अग्रवाल का कोई भी आधिपत्य मौके पर नहीं है, मेरे पक्षकार की पत्नी श्रीमति आशा कोहली द्वारा श्रीमति उषा अग्रवाल के विरुद्ध कराये गये गलत विक्रय पत्र दिनांक 14.08.2012 को शून्य घोषित किये जाने हेतु दावा प्रस्तुत किया है, जो लंबित है । अतः आम सूचना दिनांक 28.04.2022 का खण्डन किया जा रहा है।

कटनी दिनांक 10.05.2022
भवदीय-राकेश द्विवेदी, जे.के.उरमलिया, एम.पी. मिश्रा (एडवोकेट)

From 13th May 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

लमतरा पुलिया में रोज लग रहा जाम

जिला प्रशासन के आदेश पर भी ठेकेदार ने नहीं किया वैकल्पिक मार्ग का सुधार

कटनी। चाका-जुहला शहडोल बायपास और कटनी-विजयराघवगढ़-बरही मार्ग के संगम पर स्थित लमतरा रेलवे फाटक पर आठ करोड़ की लागत से बने ओव्हर ब्रिज के दुबारा क्षतिग्रस्त हो जाने के महीनों बाद भी अब तक ओव्हर ब्रिज का सुधार कार्य नहीं हो पाया। सुधार कार्य की गति इतनी धीमी है कि बारिश शुरू होने तक भी काम पूरा होने के आसार नजर नहीं आ रहे। इधर लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया की ओर रेल अंडर पास से होकर आने-जाने के लिए दिए गए वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत भी नहीं कराई गई। इस वैकल्पिक मार्ग पर रोज घण्टों जाम लग रहा। सैकड़ों वाहन इस जाम में फंसे रहते हैं। यात्री वाहनों के जाम में फंसे होने के कारण रोज हजारों यात्री भीषण गर्मी में परेशान हो रहे।

गौरतलब है कि लमतरा रेल फाटक पर बना यह ओव्हर ब्रिज पिछले साल अगस्त माह में दूसरी बार क्षतिग्रस्त हो गया था। सपोर्टिंग वाल में कई जगह दरार आ जाने के कारण कलेक्टर द्वारा ओव्हर ब्रिज से आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। वाहनों को आने -जाने के लिए ओव्हर ब्रिज से थोड़ा दूर लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए रेल अंडर पास से वैकल्पिक मार्ग दिया गया था। शुरुआत में अंडर पास के दोनों ओर गिट्टी, मुरुम डाल कर मार्ग को चलने लायक बनाया गया था पर लगातार भारी वाहनों के आवागमन से वैकल्पिक मार्ग दिनों दिन जर्जर होता चला गया। अंडर पास के दोनों ओर मार्ग कच्चा है जहां दिन भर धूल के गुबार छाए रहते हैं। अंडर पास के भीतर एक ओर नाला है जिसमें इंडस्ट्रियल एरिया से निकलने वाला दूषित पानी बहता रहता है। वाहन आने-जाने में केवल एक ओर की पुलिया का ही उपयोग करते हैं। अंडर पास में मार्ग अत्यंत संकरा हो जाता है जिसके चलते भारी वाहन यहां फंस जाते हैं। वाहन के फंसते ही दोनों ओर लंबा जाम लग जाता है। जाम की यह स्थिति दिन में कई बार बनती है। वैकल्पिक मार्ग के दोनों ओर ठेकेदार के कर्मचारियों की तैनाती है पर वे न तो जाम लगने से रोक पाते हैं ना ही जाम लग जाने के बाद कुछ कर पाते हैं। यात्रियों सहित वाहन चालक भी धूप और गर्मी से परेशान रहते हैं।

बारिश के पहले क्षतिग्रस्त लमतरा ओव्हर ब्रिज की मरमत के आसार भी नहीं

प्रशासन के आदेशों का भी ठेकेदार पर असर नहीं

दो महीने पहले पुलिस अधीक्षक सुनील जैन की ओर से एक प्रतिवेदन जिला प्रशासन को दिया गया था जिसमें लमतरा ओव्हर ब्रिज के वैकल्पिक मार्ग को यातायात की दृष्टि से खतरनाक बताया गया था। पुलिस अधीक्षक ने न केवल वैकल्पिक मार्ग में तत्काल सुधार किए जाने की जरूरत बताई थीं बल्कि क्षतिग्रस्त ओव्हर ब्रिज की मरम्मत का कार्य भी बारिश के पहले पूर्ण कराये जाने पर जोर दिया था। पुलिस अधीक्षक के इस प्रतिवेदन के बाद अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने सड़क विकास निगम एवं राष्ट्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर 15 जून से पहले ओव्हर ब्रिज का कार्य पूरा करने और वैकल्पिक मार्ग का तत्काल सुधार कराये जाने के निर्देश दिए थे पर ठेकेदार ने जिला प्रशासन के इन निर्देशों को भी कोई तवज्जो नहीं दी। और तो और पहले सुबह शाम वैकल्पिक मार्ग पर टैंकर से पानी का छिड़काव कर दिया जाता था ताकि धूल कम उड़े पर जिला प्रशासन के निर्देश के बाद ठेकेदार ने पानी का छिड़काव भी बंद कर दिया।

आज भी घन्टों लगा रहा जाम

बताया गया कि आज भी वैकल्पिक मार्ग पर घण्टों जाम लगा रहा। इंडस्ट्रीयल एरिया से लेकर मुख्य मार्ग तक सैकड़ों वाहन इस जाम में फंसे रहे जिसमे यात्री बसें और अन्य वाहन भी शामिल थे। सुबह से लगा जाम जब 10 बजे तक भी नहीं खुला तो वाहनों ने रास्ता बदल दिया। विजयराघवगढ़, कैमोर, बरही की ओर से आने वाले वाहन कन्हवारा से पटवारा रेल फाटक होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर पहुंचे वहीं कटनी की ओर से जाने वाले वाहनों ने भी इसी मार्ग का उपयोग शुरू दिया नतीजा यह हुआ कि थोड़ी देर बाद ही इस ग्रामीण मार्ग पर भी जाम लग गया। बड़वारा, उमरिया, बांधवगढ़ की ओर से आने वाले वाहन लमतरा पुलिया के पास ही जाम में फंसे रहे।

जलापूर्ति की शिकायतों का प्राथमिकता से हो रहा निराकरण

नगर निगम के टोल फ्री नंबर पर ली जा रही शिकायतें

कटनी। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों की पेयजल से संबंधित शिकायतों के निराकरण एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जाकर टोल फ्री नंबर 14420 जारी किया गया है। कंट्रोल रूम प्रभारी अश्विनी पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से शिफ्टवार प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी टोल फ्री नंबर 14420 पर नागरिकों द्वारा प्राप्त होने वाली जलापूर्ति संबंधी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज करते हुए नियुक्त वार्ड सहायक एवं प्रभारी अधिकारी को सूचित कर पेयजल आपूर्ति कराकर शिकायतों के निराकरण के प्रयास किये जा रहे है। श्री पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा कंट्रोल रूम का सतत निरीक्षण भी किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के माध्यम से आज प्रातः 11 बजे तक नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न वार्डो की प्राप्त 395 शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जाकर 350 शिकायतों का निराकरण करा दिया गया है। शेष 45 शिकायतों के निराकरण हेतु तीव्रता से कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नागरिकों की सुविधा एवं पेयजल संबंधी समस्या के निराकरण हेतु निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम कक्ष की स्थापना की जाकर टोल फ्री नंबर 14420 जारी किया गया है। आपने नागरिकों से प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक पेयजल संबंधी समस्या की जानकारी टोल फ्री नंबर 14420 पर सूचित कर समस्या के निराकरण कराये जाने की अपील की है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

कटनी। सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण तरीके से निराकरण करते उत्कृष्ट कार्य करने वाले एल-1 अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। मार्च माह की जारी ग्रेडिंग में जिले के एल-1 स्तर से 30 से अधिक शिकायतों में गृह विभाग अंतर्गत थाना प्रभारियों को छोड़कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले ऊर्जा विभाग के कनिष्ट अभियंता दिलदार डाबर, राजस्व विभाग के तहसीलदार रीठी विजय द्विवेदी, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कार्यालय अधीक्षक संजय चौदहा, ऊर्जा विभाग के कनिष्ट अभियंता श्रीकांत सिद्धे व जितेन्द्र मिश्रा को प्रशस्ति पत्र जारी कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, जिला प्रबंधक लोक सेवा विभाग दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

पार्थ समाधिया जिला शहर कांग्रेस के प्रवक्ता नियुक्त

कटनी। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन द्वारा जिला प्रवक्ता के रूप में युवा नेता पार्थ समाधिया को नियुक्त किया गया है। पार्थ समाधिया कांग्रेस के सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने पार्थ समाधिया से अपेक्षा की है कि वे मीडिया के सभी लोगों से संवाद स्थापित रखेंगे एवं जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अधिकृत प्रवक्ता के रूप में मीडिया को कांग्रेस के कार्यक्रमों एवं समाचारों से अवगत कराएंगे।

वन विकास निगम की दो सौ एकड़ भूमि बेजा कब्जे से मुक्त

ढीमरखेड़ा के उमरपानी से लगी भूमि पर राजस्व, पुलिस व वन विकास निगम की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

कटनी। शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को ढीमरखेड़ा विकासखंड में वन विकास निगम की दौ सौ एकड़ भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया। ढीमरखेड़ा के उमरपानी गांव से लगी वन विकास निगम कुंडम परियोजना की भूमि है। जिसमें लगभग दो सौ एकड़ भूमि पर लोगों ने कब्जा कर रखा था। मंगलवार को एसडीएम ढीमरखेड़ा नदीमा शीरी की उपस्थिति में राजस्व, पुलिस व वन विकास निगम की संयुक्त टीम ने लोगों के कब्जे हटाने की कार्रवाई की और दो सौ एकड़ भूमि का अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही लोगों को दोबारा कब्जा न करने की हिदायत भी दी गई और कब्जा करने वालों के खिलाफकार्रवाई किए जाने को लेकर मुनादी भी कराई गई। इस दौरान एसडीओपी स्लीमनाबाद मोनिका तिवारी, कुंडम परियोजना से सीमा द्विवेदी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और वन विभाग का अमला मौजूद था।

फीडबैक लेने के बाद गुम हो गया स्वच्छता अभियान

कैमोर। कैमोर नगर में वैसे तो स्वच्छता अभियान का खूब प्रचार प्रसार किया जाता है। दीवारों पर रंग पेंट कर स्वच्छता का संदेश देने वाले आकर्षक नारे लिखवाए जाते है। हजारों रुपये का गुब्बारा भी आसमान में लटकाया जाता है। सुबह-सुबह कचरा वाहन भी स्वच्छता के गीत गाते निकलता है पर वास्तविकता कुछ और ही नज़र आती है। नगर की सड़कों और चौराहों से गायब डस्टबिन और जगह जगह लगे कचरे के ढेर कुछ और ही कहानी बयां करते दिखाई देते हैं। ऐसा लगता है जैसे स्वच्छता की रैंकिंग में ऊंचे पायदान पर अपना नाम दर्ज कराने यहां केवल एक महीने ही साफ सफाई पर जोर दिया जाता है। बताया गया कि पिछले महीने कैमोर नगर में स्वच्छता को लेकर नागरिकों से फीडबैक लिया जाना था। उस समय पूरे नगर में हर जगह कचरे के डिब्बे रखवाए गए थे। लाउडस्पीकर पर भी खूब प्रचार प्रसार हुआ। लोगों से कचरा, कचरा गाड़ी में ही डालने, सूखा और गीला कचरा अलग अलग रखे जाने की अपील भी की गई। पॉलीथिन के विरोध में भी अभियान चलाया गया। छोटे-

कचरे के डिब्बे भी नदारद, जगह-जगह लगा गंदगी का अंबार

छोटे दुकानदारों का चालान काटकर जुर्माना भी वसूल किया गया। नगर परिषद की कार्यवाही से ऐसा लगा जैसे अब कैमोर नगर को स्वच्छता में नम्बर वन बनने से कोई रोक नहीं पायेगा। एक महीने बाद ही इस अभियान की कलई तब खुलने लगी जब लोगों ने देखा कि कचरे के डिब्बे अपने स्थान से गायब हैं। उनके स्थान पर ढेरों कचरा जमा है। सर्वजननिक शौचालयों और मूत्रालयों का तो और भी बुरा हाल है। ऐसा लगता है यहां सफाई नाम की कोई चीज ही नही है। और हो भी क्यों नहीं, सीएमओ और उनका अमला हकीकत जानने कभी सड़कों या वार्डों में नहीं दिखता। प्रशासक तो कभी किसी को नज़र ही नहीं आये। केवल मुकद्दम ही वार्डों में घूमते नज़र आ जाते हैं। किसी भी बड़े अधिकारी द्वारा सफाई कार्य की मॉनिटरिंग नही की जाती।

नागरिकों ने सीएमओ और स्वच्छता प्रभारी से मांग की है कि वे कभी खुद सफाई कार्य का निरीक्षण मैदानी स्तर पर करें। सभी जगह पुनः कचरे के नए डिब्बे रखवाए जाएं। केवल दिखावे के लिए एक महीने सफाई अभियान न चलाया जाए बल्कि पूरे साल इस पर ईमानदारी से कार्य किया जाए तभी सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटेगी।

भोपाल से आए नोडल अधिकारी ने विकास कार्यों का लिया जायजा

बड़वारा जनपद क्षेत्र के ग्रामों का किया भ्रमण

कटनी। राज्य स्तर से ग्रामीण विकास विभाग के नोडल अधिकारी व उपसंचालक पंचायत राज संचालनालय भोपाल नवल मीणा ने मंगलवार को जिले के बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। श्री मीणा ने ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्य देखे और योजनाओं के क्रियांवयन के संबंध में भी जानकारी ली।

नोडल अधिकारी श्री मीणा ने बड़वारा जनपद पंचायत के ग्राम पठरा, बजरवारा, लखाखेरा, बड़वारा, रोहनिया, बुजुबुजा सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण किया और अमृत सरोवर निर्माण कार्य की स्थिति देखी। साथ ही पीएम आवास के हितग्राही जियालाल साहू लखाखेरा व पठरा गांव के दादूराम से चर्चा की। महिला मेट अंजनी विश्वकर्मा से चर्चा कर दायित्वों के विषय में जानकारी लेते हुए कार्य में संतोष जताया।

उन्होंने भ्रमण के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। ग्राम पंचायतों भवनों का निरीक्षण कर श्री मीणा ने पंचायत के पंजियों के संधारण व ई कक्ष का निरीक्षण कर रखरखाव की जानकारी ली। साथ ही सचिवों व ग्राम रोजगार सहायकों से चर्चा कर पीएम आवास के पंजीयन और जियो टेग आदि के संबंध में जानकारी ली।

निर्माण कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

ग्राम बजरवारा, ग्राम पंचायत लखाखेरा की वृंदावन गौशाला का निरीक्षण कर नोडल अधिकारी श्री मीणा ने रखरखाव व व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और कार्य पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने दीदी कैफे का अवलोकन, अभ्युदय नवाचार के अंतर्गत कराए गए कार्यों का भी निरीक्षण किया और सामुदायिक सोक पिट व अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान सीईओ जनपद सुरेंद्र तिवारी, एपीओ उदय राज सिंह, ईई आरइएस लाजरूस किरकेटा, प्रभारी अधिकारी मनरेगा आशुतोष खरे, सहायक यंत्री संजीव खर्द सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अभिरूचि केंद्र में छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण

कटनी। भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देश अनुसार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट पी.पी. सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर अभिरुचि केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से अवकाश के दिनों में स्काउट गाइड रोवर रेंजर बालक बालिकाओं को उनकी अभिरुचि अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभीरुचि केंद्र मे क्राफ्ट वर्क, ड्राइंग, पेंटिंग, म्यूजिक, लोक नृत्य, लोकगीत, टाई एंड डाई, शिरेमिक वर्क, पेपर वर्क, कार्ड फ्लावर, डेकोरेशन, कबाड़ से जुगाड़, मिरर वर्क, सुतली वर्क, ज्वेलरी वर्क, स्टैंडिंग वायर वर्क, क्लाथ वर्क एवं अन्य विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। अभिरुचि केंद्र का संचालन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक शासकीय माध्यमिक विद्यालय एनकेजे कटनी में हो रहा है। यह केन्द्र 30 मई तक संचालित किया जायेगा। शिविर का सफल संचालन सायरा बानो डीटीसी गाइड, मधु मिश्रा प्रशिक्षण सलाहकार, स्वर्णलता जोसेफ प्रशिक्षण सलाहकार, सपना दुबे प्रशिक्षण सलाहकार, कुणाल गौतम रोवर द्वारा किया जा रहा है। अभिरुचि केंद्र में स्काउट गाइड रोवर रेंजर छात्र-छात्रा द्वारा सहभागिता की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में कहा है कि एनकेजे क्षेत्र के आसपास रहने वाले सभी बालक बालिका स्काउट गाइड रोवर रेंजर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस प्रशिक्षण का लाभ उठाएं।

एनकेजे विद्यालय में हो रहा केंद्र का संचालन

कटनी। निकाय चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट का डायरेक्शन आते ही शहर में हलचल तेज हो गई है। वार्डों में पार्षद का इलेक्शन लड़ने को तैयार नेता फिर चौकन्ने हो गए हैं। ओबीसी आरक्षण के बगैर चुनाव कराने के निर्देश के बाद कटनी नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल 11 वार्डों के समीकरण बदल जाएंगे और चुनाव के दौरान इन वार्डों में नया परिदृश्य देखने मिलेगा। कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने हालांकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के फौरन बाद ओबीसी वर्ग को साधने के लिए 27 प्रतिशत टिकटें पिछड़े वर्ग को देने का एलान कर दिया है, किंतु अब तक आरक्षित होते आये वार्डों में अनारक्षित वर्ग के लोगों के भी चुनाव मैदान में कूदने से जीत-हार के समीकरण बदल जाएंगे। बिना आरक्षण निकाय चुनाव के एलान से शहर का ओबीसी वर्ग खुद को छला हुआ महसूस कर रहा है। इस वर्ग के नेताओं को अब अपनी रणनीति में बदलाव भी करना पड़ रहा है।

11 वार्डों में बदल जाएंगे समीकरण

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित वार्डों में अब ओपन फाइट, बढ़ जाएंगे उम्मीदवार, मचेगा घमासान

प्रदेश में निकाय चुनाव किसी न किसी वजह से टलते आ रहे थे। इनमें 3 साल का विलंब हो चुका है और निकायों में प्रशासक से ही काम चलाया जा रहा था। पिछड़े वर्ग को आरक्षण संबंधी याचिका पर निर्णय देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नगरीय निकाय चुनाव बिना विलंब कराने के निर्देशों के साथ कहा है कि 2 सप्ताह में सूचना जारी कर दी जाए। इस आदेश के बाद हरकत में आए प्रदेश निर्वाचन आयोग ने साफ कर दिया है कि आयोग दोनों ही चुनाव कराने की स्थिति में हैं। नगरीय निकाय चुनाव के लिए चूंकि आरक्षण और परिसीमन का काम पूरा हो चुका है लिहाजा निकाय चुनाव तत्काल की स्थिति में कराए जा सकते हैं। राज्य सरकार हालांकि ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने की मंशा जाहिर करते हुए पुनः सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कर रही है किंतु जानकारों का कहना है कि अब शायद ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से कोई नया आदेश आए। इसके मायने यह है कि सुप्रीम कोर्ट लेबल पर कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो राज्य सरकार को मई और जून के भीतर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव कराने ही होंगे। इस संभावना के साथ कांग्रेस और भाजपा दोनों प्रमुख राजनीतिक दल चौकन्ने हो गए हैं। प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त बंसत प्रताप सिंह के मुताबिक आयोग 24 मई तक नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा और दोनों चुनाव की वोटिंग तथा रिजल्ट 30 जून तक घोषित कर दिए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक सबकुछ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारी के हिसाब से चलता रहा तो 22 मई को निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है।

इन वार्डों में बदलेगा नजारा

कटनी नगर निगम सीमा क्षेत्र के 45 वार्डों में से फिलहाल की स्थिति में 11 वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थे, जिनमें 6 वार्ड पिछड़ा महिला वर्ग के लिए आरक्षित थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद ये सभी 11 वार्ड अनारक्षित की श्रेणी में आ जाएंगे। इन वार्डों में अब केवल महिला आरक्षण ही मान्य होगा। जाहिर है वार्ड अनारक्षित होने से यहां के राजनीतिक समीकरण पूरी तरह उलट-पलट हो जाएंगे। अब तक इन वार्डों में केवल पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले दावेदार ही सक्रिय थे, किंतु अब अन्य जातियों के लिए भी चुनाव लड़ने का रास्ता इन वार्डों में साफ हो गया है। बताया जा रहा है कि ओपन फाइट होने से अब पिछड़े वर्ग के हिसाब से तैयारी कर रहे नेताओं को अपनी रणनीति बदलनी पड़ेगी।

पार्षद ही चुनेंगे महापौर

निकाय चुनाव को लेकर फिलहाल प्रदेश में जो स्थिति है उसके मुताबिक महापौर का चुनाव सीधे जनता के द्वारा न होकर पार्षदों के जरिए होगा। पिछली भाजपा सरकार में मेयर का इलेक्शन सीधे जनता से कराये जाने की प्रक्रिया थी। किंतु कमलनाथ सरकार के अस्तित्व में आने के बाद नगर निगम अधिनियम 1956 में संशोधन करते हुए महापौर का इलेक्शन पार्षदों के जरिए कराने का प्रस्ताव पारित हो गया था। प्रदेश की सत्ता में बदलाव हुआ तो भाजपा सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने मेयर का इलेक्शन जनता के माध्यम से डायरेक्ट कराने की घोषणा अवश्य की किंतु नियम में अधिकृत तौर पर बदलाव नहीं हो पाया, लिहाजा मौजूदा स्थिति में मेयर का चुनाव पार्षद के जरिए ही होगा। इस प्रक्रिया को देखते हुए कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों की कोशिश रहेगी कि नगर निगम सीमा क्षेत्र के 45 वार्डों में से आधे से ज्यादा वार्डों में उनके पार्षद जीतकर आएं ताकि मेयर बनाया जा सके। कटनी नगर निगम में महापौर का पद अनारक्षित महिला के खाते में गया है, लिहाजा यहां किसी महिला के सिर ही महापौर का ताज होगा।

125 रूपए की कंजूसी कांग्रेस नेताओं को पड़ेगी भारी!

कटनी। 125 रूपए बचाने के फेर में जो कांग्रेस नेता पार्टी के सदस्य नहीं बने हैं वे अब संगठन में किसी पद का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, और न ही वोट डाल सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत 15 अप्रैल तक जिन मेम्बरों के सदस्यता शुल्क की राशि 125 रूपए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में जमा हो चुकी है उन्हें ही संगठन चुनाव लड़ने और इन चुनावों में वोट डालने का अधिकार होगा। इस नियम का यदि कड़ाई से पालन हो गया तो कटनी के कई बड़े कांग्रेस नेता संगठन चुनाव लड़ने से वंचित रह जाएंगे। हैरत की बात यह है कि कटनी की कांग्रेस में कई बड़े नाम ऐसे हैं जिन्होंने सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी की सदस्यता ही नहीं ली। कांग्रेस में संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेज हो चुकी है। कटनी जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में जो सदस्य पार्टी से जोड़े गए हैं, उनकी सूची लेकर डीआरओ साकेत बिहारी मिश्रा भोपाल जा चुके हैं। पिछले दिनों प्रदेश निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर वे कुछ समय के लिए कटनी में रूके थे तथा सूची लेकर रवाना हो गए। उन्हें स्थानीय स्तर पर कांग्रेसजनों की बैठक लेने के फिलहाल कोई निर्देश नहीं थे। सूत्रों के मुताबिक शीघ्र ही डीआरओ और बीआरओ कटनी आकर बैठक लेंगे तथा संगठन चुनाव की प्रक्रिया को गति देंगे। पता चला है कि पिछले 6 माह के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मंडलम, सेक्टर तथा पोलिंग बूथों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान में सहयोग करते हुए जिन नये सदस्यों को पार्टी से जोड़ा हैं, वह सदस्यता सूची फाइनल हो चुकी है।

सदस्यता शुल्क जमा न करने पर नहीं लड़ पाएंगे संगठन चुनाव

10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने का रिकार्ड

सदस्यता अभियान के मामले में कटनी जिला कांग्रेस कमेटी शहर का रिकार्ड प्रदेश में तारीफ के काबिल रहा। यहां हर बूथ पर लगभग 50 सदस्य पार्टी से जोड़े गए। जिला कांग्रेस शहर के अध्यक्ष मिथलेश जैन ने बताया कि नगर निगम सीमा में शामिल 197 बूथों पर जोर-शोर से कांग्रेस का सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 10 हजार 543 सदस्य बनाए गए हैं। इन सदस्यों के सदस्यता शुल्क की संपूर्ण राशि प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में जमा कराई जा चुकी है। संगठन चुनाव की स्थिति में वही सदस्य चुनाव लड़ने और वोटिंग के पात्र होंगे, जिनका सदस्यता शुल्क जमा हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि बूथों की संख्या के हिसाब से सदस्यता संख्या देखी जाए तो यह अपने आप में एक रिकार्ड है।

एआईसीसी और पीसीसी मेम्बर कटनी से बनाने के प्रयास

इस बार जिला कांग्रेस कमेटी की कोशिश है कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए जो प्रतिनिधि जिलों से भेजे जाते हैं, उनमें कटनी जिले से कटनी के नेताओं को ही प्राथमिकता दी जाए। कांग्रेस संगठन के हिसाब से ग्रामीण क्षेत्रों में 8 तथा शहरी क्षेत्रों में दो ब्लाक है। इस लिहाज से 10 प्रदेश प्रतिनिधि बनाए जा सकते हैं। 8 प्रतिनिधि एक एआईसीसी मेम्बर चुनते हैं। जाहिर है संगठन में कटनी के 10 बड़े नेताओं को प्रदेश प्रतिनिधि बनने में सफलता मिल सकती है।

मायके आई युवती को जिंदा जलाने का प्रयास

माधवनगर के कुम्हार मोहल्ला में सटोरिए की दबंगई

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला में एक महिला के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर उसे जिंदा जलाने के प्रयास की घटना प्रकाश में आई है। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुरहानपुर निवासी 26 वर्षीय कोमल पति सोनू रोचलानी मायके आयी हुई है। बताया जाता है कि कोमल के चरित्र को लेकर तुलसी और नीरज भोजवानी ने ससुराल पक्ष को भड़काया। इसी बात को लेकर आज कहासुनी हुई तो नीरज भोजवानी व तुलसी ने कोमल के ऊपर मिट्टी का तेल डाल दिया और उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। कोमल जान बचाकर भागी और गिरकर घायल हो गई। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उल्लेखनीय है कि नीरज भोजवानी क्षेत्र का नामी सटोरिया है तथा वर्तमान में पुलिस की सह पर उसके हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वो महिला को जिंदा जलाने तक की कोशिश करने लगा है। कोमल के मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस अधीक्षक की ओर घटना का ध्यान आकर्षित कराते हुए नीरज भोजवानी व तुलसी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

निवार स्टेशन पर कार्य करते समय करंट लगने से रेलकर्मी की मौत

सूचना के बाद मौके पर नहीं पहुंची जीआरपी

कटनी। जबलपुर-कटनी रेलखंड के निवार स्टेशन पर कार्य करते समय टीआरडी कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई है। हैरानी की बात तो यह रही कि मौत के 4 घंटे बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। समय पर पुलिस के न पहुंचने से साथी कर्मचारियों में रोष रहा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निवार रेलवे स्टेशन में कार्य करते समय कटनी डिपो में पदस्थ टीआरडी रामकिंकर की करंट लगने मौत हो गई। बताया जा रहा कि घटना बुधवार की दोपहर तीन बजे करीब की है। लगभग चार घंटे होने के बाबजूद जीआरपी पुलिस नही पहुंची। साथी कर्मचारियों ने बताया कि रामकिंकर को करंट लगने के बाद साथी कर्मचारियों ने एनकेजे रेलवे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस द्वारा की जाने वाली औपचारिक कार्रवाई के लिए खबर की गई लेकिन न तो जीआरपी पहुंची न ही सिटी पुलिस। जिससे परिजन और कर्मचारी परेशान होते रहे। लगभग चार से पांच घंटे बाद जीआरपी पहुंची। जिसके बाद शवपरीक्षण कराया गया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की गई।

मामूली विवाद पर दोस्त ने सिर में पत्थर पटककर की थी हत्या

स्लीमनाबाद पुलिस ने सुलझाई रक्तरंजित लाश मिलने की गुत्थी, आरोपी दोस्त पहुंचा सलाखों के पीछे

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम बिचुआ से तिलक समारोह में शामिल होने निकले युवक की स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सैलारपुर के सरैहा मोड़ जंगल में रक्तरंजित लाश मिलने के मामले की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने युवक के दोस्त को ही हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। जिसने मामूली विवाद में आक्रोशित होकर अपने दोस्त की सिर में पत्थर पटक कर हत्या कर दी थी और लाश को जंगल में फेंक कर भाग गया था। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सैलारपुर के सरैहा मोड़ जंगल में कुछ दिन पूर्व एक युवक की रक्तरंजित लाश बरामद की गई थी। जिसकी शिनाख्त माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम बिचुआ निवासी बबलू पिता गोवर्धन कोल के रूप में की गई। मामले में परिजनों ने हत्या का संदेह भी व्यक्त किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि घटना दिनांक को बबलू अपने दोस्त दीना यादव के साथ मोटर सायकल में तिलक समारोह में शामिल होने निकला था। जिसके बाद दीना यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और मामूली विवाद पर आक्रोशित होकर बबलू के सिर में पत्थर पटक कर हत्या करना बताया। जिसके बाद पुलिस ने हत्या के आरोप में दीना यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी सुनील कुमार जैन, एएसपी मनोज केडिया के दिशा निर्देश व मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में वारदात की गुत्थी सुलझाने में टीआई संजय दुबे, संतराम यादव, राकेश पटेल, सहायक सतीश जाटव, राजेश कोरी, बी एम चौधरी,आशीष आर्मो, रोहित सिंह, बृजेश सिंह, सोने सिंह, आशीष सोनी, राजा साहू की भूमिका रही।

मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी

कटनी। बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम कुआं स्थित मोबाइल टावर से 32 हजार रूपए कीमती 24 नग बैटरी जाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने नितिन पैगवार की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश में जुट गई है।

रत्ना गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
गार्डन मात्र 51000/-

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एसटी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

नोटः- एसटी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

बेचना है
शोरूम/ ऑफिस/ शॉप/ दुकानें विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। कटनी शहर के मध्य में यूनियन बैंक के सामने सुभाष चौक के पास
सपंर्क करें-
सुबह 11 से 12
सायं 7 से 8
मो.8889669902

श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स

हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में....
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध

सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
मो. -7869171856
7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)